issued to all States/Union Territories from time to time. Reports being received from the States in the matter indicate that the progress is likely to pick up.

Royalty Income of Himachal Pradesh

3446. SHRI KRISHAN DATT SULTANPURI: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) the income accrued during last years to Himachal Pradesh by way of royalty of Bhakhra Dams and supply of electricity to other States; and

(b) the amount decided by Government of India at the time of formation of Himachal Pradesh in 1967 as its share in the royalty of these dams?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) and (b). No Royalty is payable to H.P. on the Power generated from the Bhakra Dams.

कोयले की चोरी

3447. **श्री बाबूराव परांजपे:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अम्बिकापुर (मध्य प्रदेश) पुलिस स्टेशन पर एक लाख टन से भी अधिक कोयले की चोरी के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं;

(ख) क्या विश्रामपुर कोयला खान के उप-क्षेत्र प्रबंधक ने स्टाक राजिस्टर पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था क्योंकि स्टाक में दो करोड़ मूल्य का कोयला कम पाया गया था;

(ग) क्या उप क्षेत्र प्रबंधक ने इस घोटाले की जांच की मांग की है; और

(घ) क्या बैकुण्ठपुर के महाप्रबंधक ने इस मांग के कारण उक्त उप क्षेत्र प्रबंधक का स्थानान्तरण कर दिया है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गार्गी शंकर मिश्र): (क) इस विभाग को मध्य प्रदेश के बैकुण्ठपुर क्षेत्र की बिसरामपुर और भटगांव कोलियरियों में कोयले के स्टाक की कमी के सम्बन्ध में शिकायत मिली है ।

((ख) से (घ). इस मामले में आरम्भिक जांच कर ली गई है तथा और अधिक विस्तृत जांच करने पर विचार किया जा रहा है।

बांदा, उत्तर प्रदेश में विभीगीय डाक-तार कार्यालय

3448. **श्री रामनाथ दूबे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बांदा, उत्तर प्रदेश के लिये लगभग दो वर्ष पहले विभागीय डाक-तार कार्यालय की मंजूरी दी गई थी और उसके लिए बहुत सी गैर-सरकारी इमारतें उपलब्ध हैं;

(ख) इस कार्यालय को खोलने में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इस मामले में क्या कदम उठाने का विचार है?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना): (क) जी हां । मौजूदा संयुक्त डाक-तार घर को विभागीय तारघर में बदलने की मंजूरी 18-4-81 को दी गई थी।

(ख) इस तार घर को खोलने में विलंब इसलिये हो रहा है क्योंकि उसके लिये कोई उपयुक्त आवास नहीं मिल पा रहा है ।

(ग) उत्तर प्रदेश सर्किल के महाप्रबंधक उपयुक्त आवास प्राप्त करने के लिए अत्यधिक प्रयत्नशील हैं ।

जिला सीतापुर में चौरिया भज्जापुर में डाक घरों का खोला जाना

3449. **श्री राम लाल राही:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्राम सभा चौरिया भज्जापुर, परगना बाई तहसील, सिधौली जिला सीतापुर से वहां पर एक डाकघर खोलने के लिए कोई अभयावेदन प्राप्त हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि इस गांव को तथा निकटस्थ अन्य गांवों को 6 किलोमीटर